# राजकीय महाविद्यालय, नारनौंद

वार्षिक पुरस्कार–वितरण एवं दीक्षांत समारोह

(12 अप्रैल, 2019)

के अवसर पर

प्राचार्य

## डॉ0 देवेन्द्र सिंह लाठर, एच.ई.एस.–I

द्वारा प्रस्तुत

वार्षिक–प्रतिवेदन

2018–2019

## मुख्य अतिथि :–

श्रीमती सविता मान, प्राचार्या

(राजकीय महाविद्यालय, हांसी) हिसार

## महाविद्यालय परिचय :–

राजकीय महाविद्यालय, नारनौंद की स्थापना वर्ष 2013 में स्थानीय निवासियों द्वारा की गई । जून 2013 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया। महाविद्यालय में B.A., B.com, B.Sc (Non Medical, B.Sc Medical, B.Sc.C.S,) के पाठ्यक्रम हैं जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 889 हैं । विद्यार्थियों के लिए सत्र 2018–19 में Higher Education Department द्वारा महाविद्यालय में 'Digital India' मुहिम के तहत Smart Class Room की उपलब्धता करवाई गई ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनिकी का ज्ञान हो सके। Higher Education Department से दिनांक 15.03. 2019 को प्राप्त पत्र के अनुसार Multipurpose Hall के लिए महाविद्यालय को 799.12 लाख की अनुदान राशि प्राप्त हुई। आज महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के 20 पद स्वीकृत है जिसमें 10 प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं कार्यरत है तथा 7 पद रिक्त है तथा 3 प्राध्यापक Deputation के तहत दूसरे महाविद्यालय में कार्यरत है। महाविद्यालय में 25 विस्तारक प्राध्यापक कार्यरत है।

## शैक्षणिक उपलब्धियाँ–

सत्र 2018–19 में महाविद्यालय की बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा बनिता,सोनिया, बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा भारती, पुनम और मीनाक्षी ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। बी0 कॉम में रीनू, तृतीय वर्ष की मोना, व द्वितीय वर्ष के आर्यन ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बी0एस0सी0 कम्पयूटर सांईस की छात्रा रितु, बी0एस0सी0 मेडिकल की छात्रा प्रीति (Passout) ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बी0एस0सी0 मेडिकल तृतीय वर्ष की छात्रा रितु व शीना ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

महाविद्यालय का पास प्रतिशत विश्वविद्यालय के पास प्रतिशत से अधिक रहा इसके लिए महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बधाई के पात्र है ।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–

सत्र 2018–19 में वर्ष भर विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करवाया गया ।

1. दिनांक 15.08.2018 को महाविद्यालय की Cultural Team ने नई अनाज मण्डी, नारनौंद में स्वतंत्रता दिवस परेड में अपनी शानदार प्रस्तुति दी।
2. दिनांक 25.08.2018 को महाविद्यालय प्रांगण में **'प्रतिभा–खोज कार्यकम'** का आयोजन किया गया। कार्यकम में डा0 देवेन्द्र सिंह लाठर ने मुख्य अतिथि की भुमिका निभाई। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन करके ढेरों ईनाम अपने नाम किए। विद्यार्थियों को कार्यकम में छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा हेतू शपथ दिलाई।
3. 28.09.2018 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में Atal literacy Fest का आयोजन किया गया जिसमें **स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी** द्वारा रचित अनेक कविताओं को प्रस्तुत किया गया जिसमें हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने बढचढ कर भाग लिया।
4. दिनांक 1,2,3 नवंम्बर 2018 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित Youth Festival में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ चढ कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभाओं का प्रर्दशन किया।
5. दिनांक 05.02.2019 को महाविद्यालय प्रांगण में **'सरगम'** कार्यकम का आयोजन किया गया। इस कार्यकम में डा0 रविन्द्र हुड्डा,प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, अलेवा मुख्य अतिथि रहे। इस

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अपनी प्रतिभाओं का बडे ही सराहनीय तरीके से प्रदर्शन किया । इन सभी के लिए शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक डॉ पंकज गोयत बधाई के पात्र है ।

## खेल–कूदः–

1. दिनांक 05.11.2018 को महाविद्यालय प्रांगण में '6th **Annual Athletic Meet**' आयोजन किया गया जिसमें C.R.S.U.,Registrar डा० राजबीर मोर मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में सभी Athletic स्पर्धाएँ करवाई गई। Best Athletic Male गोविंद, बी. ए. तृतीय वर्ष का छात्र, Best Athletic Female बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्रा काफी को घोषित किया गया।
2. राजकीय महाविद्यालय, इसराना (पानीपत) में 28 व 29 अगस्त 2018 को आयोजित अन्तर्महाविद्यालय स्टेट कुश्ती–चैम्पियनशिप में महाविद्यालय के 5 खिलाडियों ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
3. सी0आर0एम0 जाट कॉलेज, हिसार में 05.10.2018 को आयोजित अन्तर्महाविद्यालय कबड्डी चैम्पियनशिप में महाविद्यालय के खिलाडियों ने अच्छा प्रर्दशन किया।
4. गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर्महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में मोनू बी0ए0 प्रथम वर्ष रोल न0 2155510072 ने 65 किलो वर्ग व कुलदीप बी0ए0 द्वितीय वर्ष रोल न0 100770129 ने 72 किलो वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
5. अमीटी विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर्महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बनीता ने भाग लिया ।
6. एम0एम0पी0जी0 महाविद्यालय, फतेहाबाद में 28.02.2019 को आयोजित अन्तर्महाविद्यालय स्टेट कबड्डी चैम्पियनशिप में महाविद्यालय के खिलाडियों ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।
7. गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित Annual athletic meet में बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्रा काफी ने Hummer throw event में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

   इन सभी गतिविधियों के लिए शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक डॉ पंकज गोयत बधाई के पात्र है ।

## राष्ट्रीय सेवा योजनाः–

राजकीय महाविद्यालय, नारनौंद में दिनांक 07.08.2018 को '**राष्ट्रीय–सेवा–योजना**' के स्वयंसेवकों को निर्देश दिए गए तथा इसमें श्री सुखदेव और श्रीमती सुशीला सहायक प्राध्यपक गणित द्वारा स्वयंसेवकों को एन0एस0एस0 के अर्थ और महत्व को बताया गया। स्वतन्त्रता–दिवस की परेड में स्वयंसेवकों द्वारा नई अनाज मण्डी,नारनौंद में परेड की गई। 23.08.2018 को 'स्वच्छ भारत अभियान' पर स्लोगन और लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। 24.08.2018 को महिला–सशक्तिकरण पर रैली आयोजित की गई। दिनांक 15.09.2018 को 'स्वच्छता' पर नुक्कड नाटक आयोजित किया गया।

**22–10–2018 एक दिवसीय कैम्प, 24–02–2018 एक दिवसीय कैम्प**

दिनांक 10.01.2019 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिसार में सरकारी हस्पताल, हिसार द्वारा '**एड्स**' पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की ओर से 5 विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। दिनांक 19.02.2019 को '**नशा–मुक्त–भारत**' पर गुरू जम्भेशवर विश्वविद्यालय हिसार में श्री श्री रविशंकर और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा व्याख्यान दिया गया जिसमें महाविद्यालय की ओर से 25 छात्रों द्वारा भाग लिया गया । दिनांक 27 फरवरी 2019 से 05 मार्च 2019 तक '**सात**

**दिवसीय शिविर'** का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डा0 देवेन्द्र सिंह लाठर द्वारा किया गया। इस कैम्प के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा नारनौंद शहर के सार्वजनिक स्थलों की सुनियोजित ढंग से सफाई की गई। इसमें राज्य स्तरीय अधिकारी, डा0 अनिल मलिक द्वारा युवाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला । वी0 एस0 विनय कुमार द्वारा बिमारियों से बचाव के बारे में बताया गया। CRSU से सतेन्द्र मलिक ने व्यक्तित्व विकास हेतू मार्गदर्शन किया। रेडक्रॉस हिसार द्वारा प्रतिदिन First-Aid की कक्षा सात दिनों तक नियमित लगाई गई। सप्तदिवसीय शिविर का समापन मुख्य अतिथि डा0 इन्द्राज, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, नलवा द्वारा किया गया।

**महिला प्रकोष्ठ :–**

दिनांक 23.08.2018 को महाविद्यालय प्रांगण में स्लोगन लेखन–प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण विषय पर छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन किया। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान, उनके गौरव व सुरक्षा, स्त्री हिंसा आदि विषयों पर सामुहिक वाद–विवाद भी हुआ। दिनांक 24.08.2018 को महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण विषय पर रैली का आयोजन किया गया। रक्षा बंधन पर्व श्री नरेश जागलान ने 'जेंडर सेंसीटाइजेशन' विषय पर छात्राओं को संबोधित किया। दिनांक 25.08.2018 को सभी विद्यार्थियों ने महिला सुरक्षा शपथ ली। 20.09.2018 से 20.10.2018 तक महाविद्यालय में छात्राओं के लिए **'स्वंय–सुरक्षा–ट्रेनिंग'** कार्यशाला का आयोजन किया गया। 08.10.2018 से 23.10.2018 तक 'Girl Skill Development Programme' का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभाओं का विकास किया गया। 08.10.2018 से 14.10.2018 तक 'Fashion designing training' का आयोजन किया गया। 11.10.2018 को डा0 प्रतिभा द्वारा छात्राओं को विभिन्न स्त्री रोगों व उनके उपचार से सम्बन्धित विषयों पर भाषण दिया गया। मनोविज्ञान विषय के सहायक प्रोफेसर, डा0 रणधीर सिंह (महिला महाविद्यालय, हिसार) ने दिनांक 15.10.2018 को **'व्यक्तित्व विकास' और 'आत्मविश्वास'** विषय पर छात्राओं को सम्बोधित किया। दिनांक 15.10.2018 से 23.10.2018 तक छात्राओं के लिए नृत्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। दिनांक 23.10.2018 को हिसार कोर्ट से श्री रघुबीर सिंह (वकील) ने घरेलू हिंसा व यौन–शोषण जैसे विषयों पर छात्राओं को कानूनी जानकारी व उनके अधिकारों से परिचित करवाया। 10.01.2019 से 09.02.2019 तक **'स्वयं–सुरक्षा–ट्रेनिंग'** कार्यशाला का आयोजन किया गया। 21.01.2019 को प्रीति लोहान ने महिला–सशक्तिकरण व भारतीय सेना में स्त्रियों का भविष्य विषय पर छात्राओं को सम्बोधित किया। इन सभी के लिए कुमारी सुमन, प्राध्यापिका,गणित बधाई की पात्र है ।

**शैक्षणिक भ्रमण :–**

इस वर्ष महाविद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए विभाग द्वारा पचास हजार रूपए की अनुदान राशि प्रदान की गई । विद्यार्थियों के ज्ञान वर्धन एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें विभिन्न ऐतिहासिक एवं दर्शनीय–स्थलों का भ्रमण करवाया गया । विद्यार्थियों के 30 सदस्यीय दल ने दिनांक 5.02.2019 से 7.02.2019 तक डॉ0 संजय कुमार एवं श्री अशोक कुमार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के आगरा, मथुरा, वृंदावन आदि स्थलों का भ्रमण करके वहां की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत की जानकारी प्राप्त की ।

## स्कोलरशिपः—

डा0 प्रवीन जैन जी,सहायक प्राध्यापक, भौतिकी की अध्यक्षता में मैरिट स्कोलरशिप का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है "Haryana State Meritorious Incentive Scheme" के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस0सी0 व बी0 कॉम0 कक्षा में उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 81,000/— रू की छात्रवृतियां प्रदान की गई कुमारी सुमन, सहायक प्राध्यापिका, गणित की अध्यक्षता में महाविद्यालय में 196 अनुसूचित—जाति के छात्रों को पुस्तकों व छात्रवृति के लिए हरियाणा सरकार की योजनानुसार 6,62,000 रूपए की राशि महाविद्यालय द्वारा वितरित की जा चुकी है । इसके साथ श्रीमती सुशीला, सहायक प्राध्यापिका, गणित की अध्यक्षता में महाविद्यालय के बी0सी0 वर्ग के 81 विद्यार्थियों को "Post Metric Scholarship" निदेशालय द्वारा सीधे खाते में छात्रवृति प्रदान की जाएगी ।

## भूतपूर्व छात्र मिलन समारोहः—

महाविद्यालय में 30 मार्च 2019 को Alumani Meet का आयोजन किया गया डा0 पंकज गोयत की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य, डा0 देवेन्द्र सिंह लाठर ने मुख्य अतिथि की भुमिका निभाई। भूतपूर्व छात्रों ने अपनी महाविद्यालयी जीवन की अतीत की स्मृतियों एवं अनुभवों को याद करते हुए सांझा किया।

## रक्तदान शिविरः—

महाविद्यालय में दिनांक 04 अप्रैल 2019 को 'हरियाणा राज्य रक्त संचरण परिषद' द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और शिविर का संचालन डा0 प्रवीन जैन ने किया। जिसमें प्राचार्य, डा0 देवेन्द्र सिंह लाठर ने मुख्य अतिथि की भुमिका निभाई। Teaching, Non.- Teaching और Students द्वारा इस शिविर में 60 युनिट रक्तदान किया गया।

## महाविद्यालय में विभिन्न परिषद कार्यरत हैः—

## हिन्दी साहित्य परिषदः—

महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य परिषद का संचालन डा0 सतीश मोर की अध्यक्षता में किया जा रहा है। इस परिषद के अतंर्गत समय—समय पर महाविद्यालय में भाषण,कविता—पाठ,प्रश्नोत्तरी—प्रतियोगिता, निबंध—लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है और जिसमें विद्यार्थियों ने बढचढ कर भाग लिया। **'हिन्दी साहित्य अकादमी'**, पचकूला की अध्क्षता में प्रतिवर्ष 14 सितंबर महाविद्यालय प्रांगण में **'हिन्दी—दिवस'** का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन के अंतर्गत राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के राष्ट्रीय—अंतराष्ट्रीय स्वरूप पर चर्चा की जाती है।

## भूगोल परिषदः—

महाविद्यालय की भूगोल परिषद वर्ष भर डॉ0 संजय कुमार के नेतृत्व मे कार्यरत रही जिसमें निम्नलिखित गतिविधियां में भाग लिया तथा उपलब्धियां प्राप्त की :

1. राजकीय महाविद्यालय आदमपुर में दिनांक 30.01.2019 को आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रर्दशनी में छात्रों ने अपना मॉडल प्रस्तुत किया।
2. सी0आर0एम0 कॉलेज हिसार में 23.02.2019 को आयोजित भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। पंचकूला में होने वाली अर्तंराज्य—स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी इस टीम का चयन हुआ ।
3. महाविद्यालय में भूगोल विभाग के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से डा0बी0आर0 ठाकुर द्वारा छात्रों के मार्गदर्शन हेतू **'GIS and remote sensing'** विषय पर एक Extension Lecture आयोजित किया गया।
4. राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार में 12 मार्च 2019 को आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

5. 31 मार्च 2019 को पंचकूला में अंर्तराज्य–स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन किया।

इन सभी उपलब्धियों के लिए डॉ0 संजय कुमार वं समस्त भूगोल विभाग और विद्यार्थी बधाई का पात्र है।

## कम्प्यूटर साईंस परिषद :–

महाविद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 30 जनवरी, 2019 को किया गया। जिसमें बी0 एस0सी0 कमपयूटर साईंस तृतीय वर्ष के दीपक सैणी एवं सुधीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में दीपक सैणी एवं सुधीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । राजकीय महाविद्यालय हांसी मे आयोजित अंर्त महाविद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ज्योति, प्रियंका व सुधीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी गतिविधियों के लिए सफलतापूर्वक संचालन के लिए श्री सतीश कुमार, श्री नरेश जागलान व श्री नवीन कुमार बधाई के पात्र है।

## वाणिज्य परिषद :–

1. महाविद्यालय में दिनांक 21.02.2019 को वाणिज्य–विभाग परिषद् द्वारा **'पी0पी0टी0'** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0कॉम0 के प्रथम,द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ –चढ कर भाग लिया। 26.02.2019 को महाविद्यालय में **"Creative Ad-Copy Writing"** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें विद्यार्थियो ने विभिन्न उत्पादों से सम्बन्धित रोचक विज्ञापन तैयार किए।
2. बी0कॉम0 प्रथम वर्ष के छात्र द्वारा गुरू नानक सिंह खालसा कॉलेज,करनाल में 05.02.2019 को आयोजित राज्यस्तरीय–अर्न्तमहाविद्यालय "power point presentation" में भाग लेकर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। जिसका विषय "Organisation work culture" था।
3. दयाल सिंह कॉलेज, करनाल में दिनांक 01.03.2019 को आयोजित राज्य–स्तरीय प्रतियोगिता **'सृजन–2019'** में बी0कॉम0 प्रथम वर्ष के रजत व बी0कॉम0 तृतीय वर्ष के छात्र अभिषेक ने लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।
4. राजकीय महाविद्यालय, हांसी में आयोजित अंर्तमहाविद्यालय वाणिज्य–प्रश्नोत्तरी–प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी0 कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ने रंगोली में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इन सभी गतिविधियों के लिए सफलतापूर्वक संचालन के लिए श्रीमती सुचेता, कुमारी नेहा, श्रीमती निशा व श्रीमती मनीता बधाई के पात्र है।

## विज्ञान प्रर्दशनी :–

दिनांक 30 जनवरी 2019 को महाविद्यालय प्रांगण में विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर 42 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें भूगोल में 11 मॉडल, भौतिक– विज्ञान में 10 मॉडल, रसायन –विज्ञान मे 4मॉडल, कम्पूटर– विज्ञान में 3मॉडल, मनोविज्ञान में 4मॉडल, वनस्पति– विज्ञान में 4मॉडल, तथा जीव–विज्ञान में 6मॉडल, प्रस्तुत किए गए। भौतिक–विज्ञान में छात्र अनिल व भावेक, कम्पयूटर में छात्र दीपक व सुधीर, भूगोल में छात्रा दीक्षा व छात्र दिनेश, जीव–विज्ञान में छात्रा पूनम व प्रीति, वनस्पति– विज्ञान में छात्रा सोनिया व कोमल, रसायन–विज्ञान में छात्रा सीमा व रीतु, मनोविज्ञान में छात्रा प्रीति व छात्र आशिष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिनांक 1 व 2 फरवरी 2019

को राजकीय महाविद्यालय, आदमपुर में आयोजित जिला–स्तरिय विज्ञान प्रदर्शनी में उपरोक्त विद्यार्थियों ने भाग लिया व जीव–विज्ञान में द्वितीय स्थान और कम्पयूटर–विज्ञान में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रर्दशनी का संचालन डा0 प्रवीन जैन के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है।

## कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सैलः–

रोजगारोन्मुखी जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सैल कार्यरत है जिसकी प्रभारी श्रीमती नैना ( Botany Department) हैं। सैल के माध्यम से समय समय पर अनेक गतिविधियां संचालित की जाती रही है। Banking Classes पर महाविद्यालय में दिनाक 31.01.2019 से 07.02.2019 तक **'सप्तदिवसीय कार्यशाला'** का आयोजन किया गया। SSC परीक्षा की तैयारी हेतू दिनांक 20.10.2018 से 05.11.2018 तक **'दस दिवसीय कार्यशाला'** का आयोजन किया गया। दिनाक 20 फरवरी 2019 को Ms. Sashi और Mr. Ankurveer Arora द्वारा कैरियर गाइडेंस पर भाषण दिया। 21.02.2019 को श्री नरेश जागलान, मनोविज्ञानिक द्वारा छात्रों को व्यक्तित्व विकास के बारे में संबोधित किया।

## लीगल लिटरेसी सैल (कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ) :–

महाविद्यालय में कानूनी जागरूकता के लिए कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। कमारी सुमन की अध्यक्षता में प्रकोष्ठ महाविद्यालय में कार्यरत है।

## अर्नव्हाईल यू लर्न :–

इस स्कीम का संचालन डा0 सतीश मोर, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी के कुशल नेतृत्व में कार्यरत है। महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय,पंचकूला के निर्देशानुसार **'अर्न व्हाईल यू लर्न स्कीम'** के अन्तर्गत सरकार द्वारा 75,000/– रूपये की राशि प्रदान की गई जिसमें से 34,400 रूपए की राशि 16 विद्यार्थियों में वितरित की गई और 40,600 रूपए की राशि बची हुई है। इस स्कीम के अंतर्गत सरकार द्वारा आभावग्रस्त एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर विद्यार्थियों की सहायता की जाती है ताकि विद्यार्थियों में स्वावलंन एवं आत्मनिर्भता का गुण पैदा किया जा सके। इस कार्य के सफल कार्यान्वन के लिए हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ0 सतीश मोर बधाई के पात्र हैं ।

## बर्सर :–

श्रीमती सुचेता, सहायक प्रोफैसर, वाणिज्य–विभाग महाविद्यालय में बर्सर का कार्य कुशलतापूर्वक कर रहे है।

## कार्यालय :–

महाविद्यालय के कार्यालय में लिपिक श्री देवेन्द्र लोहान, लिपिक श्री विकास दत्त, श्री गोविन्द शर्मा अपना–अपना कार्य नियमित व पूरी निष्ठा से निभा रहे है । महाविद्यालय के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी अपना–अपना कार्य पूर्ण निष्ठा एवं लगन से कर रहे है।

## नियुक्तियाँ :–

वर्तमान सत्र में प्राचार्य के पद पर डा0 देवेन्द्र सिंह लाठर ने कार्यभार संभाला। गणित–विभाग में श्री सुखदेव सिंह, कुमारी सुमन, व श्रीमती सुशीला, एवं भौतिकी–विभाग में डा0 प्रवीन जैन ने सहायक प्रोफैसर के पद पर नियुक्तियां प्राप्त की तथा कार्यालय में श्री नवदीप ने चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्ति प्राप्त करके कार्यभार ग्रहण किया।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–

1. डा0 संजय कुमार,भूगोल विभाग द्वारा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र में दिनांक 28.12.2018 को Ph.D. थीसिस जमा करवाई।
2. डॉ0 पंकज गोयत, शारिरिक शिक्षा विभाग ने C.R.S.U.,Jind में आयोजित अंर्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में "Inter Diciplanary" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

3. श्रीमती सुचेता, वाणिज्य विभाग ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Green Products A hope to curb enviournmentel challenges" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। छोटूराम किसान पी0जी0 महाविद्यालय जीन्द अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
4. डा0 प्रवीन जैन, भौतिकी विभाग द्वारा आर्य पी0जी0 कालेज पानीपत में आयोजित **'दो–दिवसीय अर्तराष्ट्रीय संगोष्ठी'** में भाग लिया और "Poster Presention" में प्रथम स्थान प्राप्त किया। HIPA, गुरूग्राम में 3 से 7 दिसंबर 2018 के दौरान "Induction training" में भाग लिया।

## पुस्तकालय :–

महाविद्यालय पुस्तकालय में 3024 पुस्तकें U.G के लिए हैं । पुस्तकालय में प्रति दिन अनेक समाचार पत्र तथा मासिक पत्रिकाएं मंगवाई जाती है । जिनसे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं ।

## आभार प्रदर्शन :–

इस समारोह के अवसर पर मैं मुख्य अतिथि का पुनः आभार व्यक्त करता हू जिन्होने महाविद्यालय के लिए अपना बहुमूल्य समय देकर हमें उत्साहित किया एवं विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया ।प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए डा0 सतीश मोर सहायक प्रोफैसर, हिन्दी का मैं आभार व्यक्त करता हूँ । महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृंद तथा अन्य सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाया है । विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक तथा खेल–कूद गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा महाविद्यालय के वातावरण को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में योगदान दिया है। अतः वे सभी बधाई के पात्र हैं ।

अन्त में मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है ।

एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित महानुभावों का आभार प्रकट करता हूँ।